# अध्याय – 2| प्रश्ननिर्माणं

## QUIZ-01

1. **बालकः उच्चैः हसति।**
A. बालकः कथम् हसति?
B. बालकः कदा हसति?
C. बालकः कस्मै हसति?
D. बालकः कति हसति? (A)

***व्याख्या :*** क्रिया विशेषण के लिए प्रश्न निर्माण करते समय कथम् का प्रयोग किया जाता है। यहां उच्चै :शब्द हसति क्रिया की विशेषता बता रहा है अतः प्रश्न निर्माण के समय बालकः कथम् हसति वाक्य बनेगा।

2. **चत्वारः बालकाः उद्याने क्रीडन्ति ।**
A. कथम् बालकाः उद्याने क्रीडन्ति
B. कति बालकाः उद्याने क्रीडन्ति
C. कः बालकाः उद्याने क्रीडन्ति
D. के बालकाः उद्याने क्रीडन्ति (B)

***व्याख्या :*** प्रश्न निर्माण करते समय संख्या के लिए प्रश्न बनाते समय कति का प्रयोग किया जाता है। इस वाक्य में चार बालक बगीचे में खेलते हैं का प्रश्न निर्माण करते समय कति बालकाः का प्रयोग किया जाएगा।

3. **जनाः प्रातः उत्तिष्ठन्ति ।**
A. जनाः कुत्र उत्तिष्ठन्ति?
B. जनाः कस्मै उत्तिष्ठन्ति?
C. जनाः कदा उत्तिष्ठन्ति?
D. जनाः कैः उत्तिष्ठन्ति? (C)

***व्याख्या :*** समय के लिए प्रश्न निर्माण करते समय कदा शब्द का प्रयोग किया जाता है। यहां प्रातः शब्द समय बोधक है अतः उसके स्थान पर कदा प्रश्न निर्माण होगा।

4. **चपलः वानरः कूर्दति।**
A. कथम् वानरः कूर्दति?
B. कीदृशः वानरः कूर्दति?
C. कीदृशम् वानरः कूर्दति?
D. कीदृशी वानरः कूर्दति? (B)

***व्याख्या :*** यहां चपलः शब्द वानरः की विशेषता बता रहा है। विशेषण शब्दों के साथ प्रश्न निर्माण करते समय कीदृक् शब्द का प्रयोग किया जाता है क्योंकि वानर शब्द अकारांत पुल्लिंग है अतः कीदृशः शब्द का प्रयोग प्रश्न निर्माण के लिए किया जाएगा।

5. **जनाः नगरात् आगच्छन्ति ।**
A. जनाः कुतः आगच्छन्ति?
B. जनाः कस्मै आगच्छन्ति?
C. जनाः कदा आगच्छन्ति?
D. जनाः कैः आगच्छन्ति? (A)

***व्याख्या :*** अलग होने के भाव में कुतः शब्द का प्रयोग किया जाता है ।यहां मनुष्य नगर से आते हैं अर्थात् नगर से अलग हो रहे हैं अतः नगरात् के स्थान पर प्रश्न निर्माण करते समय कुतः शब्द का प्रयोग होगा।

6. **अध्यापकाः पुस्तकालयं गच्छन्ति।**
A. अध्यापकाः कदा गच्छन्ति?
B. अध्यापकाः कुतः गच्छन्ति?
C. अध्यापकाः कथम् गच्छन्ति?
D. अध्यापकाः कुत्र गच्छन्ति? (D)

***व्याख्या :*** स्थानवाचक शब्दों के लिए प्रश्न निर्माण करते समय कुत्र शब्द का प्रयोग किया जाता है। यहां अध्यापक पुस्तकालय जाते हैं वाक्य में पुस्तकालय के स्थान पर प्रश्न निर्माण करते समय कुत्र का प्रयोग किया जाएगा।

7. **छात्राः पञ्चवादने उत्तिष्ठन्ति ।**
A. छात्राः कथम् उत्तिष्ठन्ति?
B. छात्राः कुत्र उत्तिष्ठन्ति?
C. छात्राः कदा उत्तिष्ठन्ति?
D. छात्राः कति उत्तिष्ठन्ति? (C)

***व्याख्या :*** समय के लिए प्रश्न निर्माण करते समय कदा शब्द का प्रयोग किया जाता है। यहां पञ्चवादने शब्द समय बोधक है अतः उसके स्थान पर कदा प्रश्न निर्माण होगा।

8. **बालिका कलमेन लिखति ।**
A. बालिका कान् लिखति?
B. बालिका केन लिखति?
C. बालिका कैः लिखति?
D. बालिका क :लिखति? (B)

***व्याख्या :*** काम को करने का जो साधन होता है उसमें तृतीया विभक्ति लगती है। यहां प्रश्न निर्माण करते समय किम् शब्द रूप की तृतीया विभक्ति का प्रयोग हो बालिका केन लिखति वाक्य बनेगा।

9. **सूर्यस्य प्रकाशः उष्णः भवति।**
A. कस्य प्रकाशः उष्णः भवति?
B. कः प्रकाशः उष्णः भवति?
C. कस्मै प्रकाशः उष्णः भवति?
D. केन प्रकाशः उष्णः भवति? (A)

***व्याख्या :*** इस वाक्य में सूर्यस्य में षष्ठी विभक्ति का प्रयोग किया गया है जो कि एक अकारांत पुल्लिंग शब्द है। प्रश्न निर्माण करते समय किम शब्द की पुलिंग में षष्ठी विभक्ति का प्रयोग करते हुए कस्य प्रकाशः उष्णः भवति वाक्य बनेगा।

10. **कन्या पत्रिकाम् पठति।**
A. कन्या कम् पठति?
B. कन्या काम् पठति?
C. कन्या कस्मै पठति?
D. कन्या का पठति? (B)

***व्याख्या :*** पत्रिकाम् शब्द आकारांत स्त्रीलिंग द्वितीया विभक्ति एकवचन में प्रयुक्त है अतः प्रश्न निर्माण करते समय किम् शब्द स्त्रीलिंग द्वितीया विभक्ति एकवचन में कन्या काम् पठति वाक्य बनेगा।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें!
100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App